नज़रों में सूरत तेरी श्याम | By Arun Chauhan (Raahi)

तेरी सांवली सूरत बाबा दीवाना बनाती है
किसी और को कैसे देखूं नजरों में सूरत तेरी है

तेरे कजरारे दो नैना नजरों के बाण चलाते
तेरी नजरों का यह जादू हमें लूट लेता पल में
सुध बुध सब बिसराई नजरें मिलाकर तुमसे

तेरी सूरत भोली भाली मेरा जिगर चुरा लेती है
जब ना देखूं तुमको बेचैनी सी होती है
तेरी दया से बाबा बनते हैं काम मेरे

मेरे श्याम धनी सांवरिया तेरी लीला सबसे निराली
कब किसको क्या तू दे दे यह तुमने ही जानी
राही का विश्वास सांवरे तुझ पर सबसे ज्यादा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%b0%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a4%a4-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be/